NATIONAL MEDICINAL PLANTS BOARD
Ministry of AYUSH, Government of India

सी डैक
CDAC
CENTER FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING

USER MANUAL
उपयोगकर्ता पुस्तिका

Android Mobile Application
एंड्रॉइड मोबाइल एप्लिकेशन

e.Charak
e-Channel for Herbs, Aromatic, Raw Material & Knowledge

विषय-सूची

1.0 सामान्य जानकारी 3
1.1 एप्लीकेशन विवरण 3
1.2 पुस्तिका रचना 3
2.0 सिस्टम समरी 3
2.1 जरुरी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर 3
2.2 उपयोगकर्ता की पहुँच के स्तर 4
3.0 एप्लीकेशन कैसे डाउनलोड करें 4
3.1 गूगल प्ले स्टोर 4
3.2 ई-चरक वेब पोर्टल 5
4.0 अतिथि उपयोगकर्ता - सुविधाएं 10
4.1 क्रय/विक्रय की नवीनतम सूची देखें (अतिथि उपयोगकर्ता) 10
4.2 उत्पादों की सूची 12
4.3 उन्नत खोज 14
4.4 लाइव चैट 15
4.5 जानकारी संसाधन 16
4.6 बाजार भाव 16
4.7 भाषा 17
4.8 एफएक्यू (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न) 17
5.0 पंजीकृत उपयोगकर्ता - सुविधाएं 18
5.1 नया उपयोगकर्ता पंजीकरण 18
5.2 साइन इन 19
5.3 उत्पाद पोस्ट करें 20
5.4 क्रय/विक्रय की नवीनतम सूची देखें (पंजीकृत उपयोगकर्ता) 21
5.5 मेरे उत्पाद 23
5.6 अधिसूचना 24
5.7 प्रोफाइल कैसे बदलें 25
5.8 ग्लोबल खोज 25

1.0 सामान्य जानकारी

सामान्य जानकारी भाग साधारण शब्दों में ई-चरक एप्लीकेशन का विवरण और उपयोगकर्ता पुस्तिका के भागों की जानकारी देता है।

1.1 एप्लीकेशन का विवरण

"ई-चरक"-जड़ी बूटियों, सुगंधित, कच्चे माल का एक ई-चैनल और ज्ञान का ऐसा मंच है जो औषधीय पौधों के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों के बीच सूचना आदान प्रदान को समर्थ बनाता है।

ई-चरक राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड(एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ग प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

1.2 पुस्तिका रचना

उपयोगकर्ता पुस्तिका में निम्न चार भाग हैं

- सामान्य जानकारी
- सिस्टम समरी
- एप्लीकेशन कैसे डाउनलोड करें
- अतिथि उपयोगकर्ता-सुविधाएं
- पंजीकृत उपयोगकर्ता-सुविधाएं

सामान्य जानकारी भाग साधारण शब्दों में ई-चरक एप्लीकेशन का विवरण और उपयोगकर्ता पुस्तिका के भागों की जानकारी देता है।

सिस्टम समरी भाग ई-चरक एप्लिकेशन तक पहुँच और उपयोगकर्ता द्वारा उसे प्राप्त करने के लिए जरुरी हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर की आवश्यकता के बारे में बताता है।

एप्लिकेशन डाउनलोड कैसे करें भाग ई-चरक एंड्रॉइड एप्लिकेशन को आपके मोबाइल पर डाउनलोड करने के विभिन्न विकल्पों के बारे में बताता है।

एप्लीकेशन उपयोग करने का भाग ई-चरक एप्लीकेशन की विभिन्न कार्यक्षमताओं का विस्तृत विवरण देता है।

2.0 सिस्टम समरी

सिस्टम समरी भाग ई-चरक एप्लिकेशन तक पहुँच और उपयोगकर्ता द्वारा उसे प्राप्त करने के लिए जरुरी हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर की आवश्यकता के बारे में बताता है।

2.1 हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर आवश्यकताएँ

एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) वाला एक स्मार्ट फोन
एप्लीकेशन की सभी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए कम-से-कम एंड्रॉइड का 4.0.3 संस्करण और उससे उन्नत संस्करण।
ई-चरक मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने और उसकी सुविधाओं का उपयोग करने के लिए, आपके मोबाइल में इंटरनेट कनेक्शन होना जरुरी है।

2.2 उपयोगकर्ता की पहुंच के स्तर

ई-चरक एप्लीकेशन में दो प्रकार की भूमिकाएं हैं।
1. अतिथि उपयोगकर्ता
2. पंजीकृत उपयोगकर्ता

1.अतिथि उपयोगकर्ता

अतिथि उपयोगकर्ता एप्लीकेशन में बिना पंजीकृत हुए ई-चरक एप्लिकेशन को एक्सेस करते हैं और उसका उपयोग करते हैं।

2. पंजीकृत उपयोगकर्ता

पंजीकृत उपयोगकर्ता पंजीकरण फॉर्म भरकर ई-चरक एप्लीकेशन में स्वयं को पंजीकृत कराते हैं। पंजीकृत उपयोगकर्ता मद/वस्तु पोस्ट कर सकते हैं, संभावित क्रेता/विक्रेता की जानकारी से सचेत हो सकते हैं, एप्लीकेशन में पंजीकृत सदस्यों के साथ बातचीत आदि सकते है।

3.0 एप्लीकेशन डाउनलोड कैसे करें।

ई-चरक एप्लीकेशन निम्नलिखित तरीकों से डाउनलोड की जा सकती है

- गूगल प्ले स्टोर से
- ई-चरक वेबपोर्टल(www.e-charak.in) से

3.1 गूगल प्ले स्टोर

नीचे दिखाए गए फोटो के अनुसार अपने मोबाईल में दिये गये प्ले स्टोर आइकन पर क्लिक करके प्ले स्टोर एप्लिकेशन खोलें।

ऊपर दिये गये गूगल प्ले टैक्स्ट पर क्लिक करें और सर्च बार बॉक्स में "ई-चरक" शब्द टाइप करें और इंटर करें। दिखाए गये परिणामों में ई-चरक एप्लिकेशन आइकन पर क्लिक करने के बाद ई-चरक एप्लिकेशन इंस्टॉल करने का विकल्प प्रदर्शित होता है।





"इंस्टॉल करें" बटन पर क्लिक करने से एप्लिकेशन डाउनलोड होने के बाद इंस्टाल हो जाती है। इंस्टाल होने के बाद ई-चरक एप्लीकेशन का आइकन आपके मोबाईल स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है।

3.2 ई-चरक वेब पोर्टल

ई-चरक एप्लीकेशन ई-चरक वेब पोर्टल से तीन तरीकों से डाउनलोड की जा सकती है।

- मोबाइल नंबर से
- क्यूआर कोड स्कैन करके
- गूगल प्ले आइकन पर क्लिक करके

1.मोबाइल नंबर द्वारा

अपने कंप्यूटर में उपलब्ध किसी भी एक ब्राउज़र (गूगल क्रोम, मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स आदि) को खोलें और ई-चरक वेब एप्लिकेशन खोलने के लिए www.e-charak.in यूआरएल टाईप करें।

नीचे दिखाए गए फोटो के अनुसार होम स्क्रीन पर दिये गये "मोबाइल ऐप" टैब पर क्लिक करें।

दिया गया पेज खुलता है। एप्लीकेशन डाउनलोड करने की लिंक प्राप्त करने के लिए दिए गए टैक्स्ट बॉक्स में अपना मोबाइल नंबर टाइप करके सब्मिट विकल्प पर क्लिक करें।

डाउनलोड करने की लिंक वाला मैसेज आपके दिये गये मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा।



मैसेज में दी गई लिंक पर क्लिक करने पर, गूगल प्ले स्टोर खुलेगा और आपको एप्लिकेशन डाउनलोड करने का विकल्प मिलेगा। नीचे दिखाई गई इमेज के अनुसार एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए "इंस्टॉल" बटन पर क्लिक करें।

2. क्यूआर कोड स्कैन द्वारा:

जैसा कि ऊपर दिया गया है वेब पोर्टल www.e-charak.in में मोबाइल ऐप टैब पर जाएं।

आपके मोबाइल स्क्रीन पर दी गई क्यूआर कोड स्कैनर एप्लिकेशन में से कोई एक पर क्लिक करें। एप्लिकेशन खोलने के लिए क्यूआर कोड रीडर आइकन पर क्लिक करें और दिखाई गई इमेज के अनुसार स्कैनर को वेब पेज पर दिये गये क्यूआर कोड पर केंद्रित करें।

जैसे ही स्कैनिंग होती है, गूगल प्ले स्टोर एप्लिकेशन डाउनलोड करने के पेज को (इमेज में प्रदर्शित) मोबाइल स्क्रीन पर खोल देता है। एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए"इंस्टॉल करें" बटन पर क्लिक करें।

3. गूगल प्ले आइकॉन पर क्लिक करके

जैसा कि ऊपर दिया गया है वेब पोर्टल www.e-charak.in में मोबाइल ऐप टैब पर जाएं।

गूगल प्ले आइकन क्लिक करने पर, नीचे दिखाई गई इमेज के अनुसार प्ले स्टोरएप्प का पेज आपके मोबाईल पर प्रदर्शित होगा। एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए "इंस्टॉल करें"विकल्प पर क्लिक करें।

4.0 अतिथि उपयोगकर्ता-सुविधाएं

अतिथि उपयोगकर्ता दी गई सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं।

- नवीनतम क्रय/विक्रय उत्पाद
- उत्पादों की सूची
- पोस्ट किये गये उत्पाद के बारे में जानकारी/रुचि प्रदर्शित करना
- उन्नत खोज
- लाइव चैट
- जानकारी संसाधन
- अधिसूचनाओं को देख पाना
- बाजार भाव
- भाषा समायोजन
- अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

4.1 नवीनतम क्रय/विक्रय उत्पाद देखें

नीचे दिए गए फोटो के अनुसार अपने मोबाइल में ई-चरक आइकन पर क्लिक करके एप्लिकेशन लांच करें।

ई-चरक एप्लिकेशन शुरु होते ही इमेज के अनुसार एप्लिकेशन की मुख्य विशेषताएं के साथ डैशबोर्ड प्रदर्शित होता है।

एप्लिकेशन के "नवीनतम उत्पाद" भाग क्लिक करने पर होम पेज लॉन्च होगा जहां एक टैब में नवीनतम उत्पाद बेचें और दूसरे टैब में नवीनतम उत्पाद खरीदें प्रदर्शित

होगा



किसी विशेष उत्पाद पर क्लिक करने पर नीचे दिखाए गए चित्र के अनुसार उत्पाद विवरण प्रदर्शित होगा।

उत्पाद पोस्ट करने वाले यूजर से संपर्क करने के लिए, "अभी संपर्क करें" विकल्प पर क्लिक करने पर एक फॉर्म खुलता है जिसे भर करके सब्मिट करें। "सब्मिट" पर क्लिक करते ही इस उत्पाद में आपकी रुचि से संबंधित एक मैसेज, मेल और अधिसूचना उत्पाद पोस्ट करने वाले के पास भेजी जाएगी।



नीचे दिये गये फोटो में दाईं तरफ दिखाया गया लाल रंग का आइकन उत्पाद से जुड़े अन्य उत्पादों की जानकारी से संबंधित है। आइकन पर क्लिक करके दी गई मद/वस्तु से सभी संबंधित उत्पाद प्रदर्शित होते हैं

4.2 उत्पादों की सूची देखें

उत्पादों की सूची देखने की सुविधा का उपयोग निम्न दो तरीकों से किया जा सकता है।

- डैशबोर्ड से
- नेविगेशन बार मेनू से

"उत्पादों की सूची" पर क्लिक करके दिखाई गई इमेज के अनुसार स्क्रीन पर आपको उत्पाद श्रेणी और उप-श्रेणी का चयन करना होता है।

उपश्रेणी का चयन करने पर, उपलब्ध उत्पादों की सूचियां प्रदर्शित होती हैं। उत्पाद या तो उनके वानस्पतिक या व्यापार नाम से सर्च करके देखे जा सकते हैं।

किसी विशेष उत्पाद का चयन करने पर सभी उपलब्ध वस्तुएं प्रदर्शित होती हैं।



4.3 उन्नत खोज

"होम" पर क्लिक करने से नेविगेशन बार खुलता है। नीचे इमेज के अनुसार उन्नत खोज विकल्प का चयन करें।

उन्नत खोज विकल्प पर क्लिक करने के बाद दिया गया पृष्ठ दिखाई देता है। उपयोगकर्ता वनस्पतिक या व्यापार नाम, श्रेणी, राज्य, और उत्पाद बेचने या क्रयने के विकल्पों द्वारा उत्पाद की खोज कर सकते हैं।

4.4 लाइव चैट

लाइव चैट नीचे फोटो में दिखाए गये दो तरीकों-या तो डैशबोर्ड से या होम पेज के नेविगेशन ड्रॉवर से की जा सकती है।

लाइव चैट विकल्प पर क्लिक करने के बाद दिया गया पेज प्रदर्शित होता है जहां उपयोगकर्ता का नाम और कुछ प्रश्न भरने के लिए पूछा जाता है। इन जानकारियों को भरने के बाद , चैट शुरू करने के लिए "चैट शुरू करें" पर क्लिक करें। यदि लाइव चैट सुविधाकर्ता ऑनलाइन उपलब्ध है, तो चैट स्वीकृत और शुरू होगी।



4.5 जानकारी संसाधन

जानकारी संसाधन भाग होम पेज पर नेविगेशन ड्रॉवर के उपयोग से उपलब्ध होता है। जानकारी संसाधन विकल्प पर क्लिक करने से उपलब्ध संसाधन ज्यादा जानकारी के साथ उपलब्ध होते हैं।

4.6 बाजार मूल्य

बाजार मूल्य होम पेज पर नेविगेशन ड्रॉवर के उपयोग से उपलब्ध होते हैं। बाजार मूल्य विकल्प पर क्लिक करने के बाद ग्राफ पर विभिन्न तरीकों से बाजार मूल्य देखने के लिए नीचे दिया गया पृष्ठ खुलता है।

"व्यू ग्राफ" विकल्प पर क्लिक करें और उपयोगकर्ता वांछित वस्तु, बाजार और समयरेखा की जानकारी देकर ग्राफ को देखने के लिए सब्मिट करें।

4.7 भाषा समायोजन

भाषा समायोजन विकल्प होम पेज पर नेविगेशन ड्रॉवर के उपयोग से उपलब्ध होता है। भाषा सेटिंग्स पर क्लिक करने से उपलब्ध भाषाओं की सूची प्रदर्शित होती है। उपयोगकर्ता अपनी पसंद की भाषा चुन कर "सबमिट" पर क्लिक कर सकते है। इसके बाद एप्लीकेशन चुनी गई भाषा में उपलब्ध होगी।

4.8 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल विकल्प ई-चरक एप्लीकेशन में होम पेज पर नेविगेशन ड्रॉवर के उपयोग से उपलब्ध होते हैं।

5.0 पंजीकृत उपयोगकर्ता-सुविधाएं

पंजीकृत उपयोगकर्ता को निम्नलिखित सुविधाएं प्राप्त होती हैं

- मद/वस्तु पोस्ट करना
- उत्पादों की सूची
- मेरे उत्पाद
- उन्नत खोज
- सूचनाएं
- लाइव चैट
- जानकारी संसाधन
- बाजार मूल्य
- भाषा समायोजन

5.1 नया उपयोगकर्ता पंजीकरण

एक पंजीकृत उपयोगकर्ता अतिथि उपयोगकर्ता की तुलना में एप्लीकेशन का अधिक लाभ ले सकता है। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि उपयोगकर्ता अतिरिक्त सेवाओं प्राप्त करने के लिए स्वयं को पंजीकृत करें। उपयोगकर्ता होम पेज पर उपलब्ध नेविगेशन ड्रॉवर में "साइन इन" विकल्प का उपयोग करके ई-चरक एप्लिकेशन में पंजीकरण कर सकते हैं। यदि आप एक नए उपयोगकर्ता हैं, तो पंजीकरण के लिए "साइन अप" का चयन करें। सभी आवश्यक विवरण भर कर सब्मिट करें। सफल सत्यापन होने के बाद उपयोगकर्ता पंजीकृत हो जाता है और एक संदेश और अधिसूचना पंजीकृत मोबाल नंबर पर भेजी जाती है।



5.2 साइन इन

एप्लिकेशन में साइन इन करने के लिए होम पेज पर उपलब्ध नेविगेशन ड्रॉवर में "साइन इन" विकल्प पर क्लिक करें। लॉगिन करने के लिए उपयोगकर्ता का नाम और पासवर्ड दर्ज दें। लॉगिन होने के बाद, उपयोगकर्ता को होम पेज स्क्रीन दिखाई देती है।



पासवर्ड भूलना

पासवर्ड भूलने की सुविधा स्क्रीन पर उपलब्ध **साइन इन विकल्प** के "अपना पासवर्ड भूल गए" टैक्स्ट पर क्लिक करके प्राप्त की जा सकती है।

"अपना पासवर्ड भूल गए" विकल्प पर क्लिक करने के बाद उपयोगकर्ता को पंजीकृत ईमेल आईडी या लॉगिन आईडी देकर "सब्मिट" पर क्लिक करना होगा। यदि दी गई ईमेल आईडी या लॉगिन आईडी सही है तो छह अंक का वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा जिसे दिये गये स्थान(जैसा नीचे दिखाया गया है) पर देने या भरने के बाद उपयोगकर्ता को अपना नया पासवर्ड बदलने/ देने की अनुमति प्राप्त हो जाती है।

5.3 मद/वस्तु पोस्ट करें

एक मद/वस्तु को पोस्ट करने की सुविधा होम पेज पर उपलब्ध दो तरीकों-नेविगेशन ड्रॉवर और डैश बोर्ड से प्राप्त की जा सकती है।



"मद/वस्तु पोस्ट करें" विकल्प पर क्लिक करके उसकी श्रेणी, उप श्रेणी, उत्पाद (वानस्पतिक/व्यापार नाम का चुनाव करें), प्रकार(खरीदें/ बेचें) का चयन करके चुनी गई स्थिति के अनुसार पोस्ट किये जा कते हैं।



अगला बटन पर क्लिक करने के बाद दिया गया पृष्ठ प्रदर्शित होगा जहां हमें मद/वस्तु का शीर्षक और दिए गए मूल्यों को भरना है। उपयोगकर्ता मद/वस्तु की फोटो भी अपलोड करके "सबमिट" बटन पर क्लिक कर सकते हैं। ये सब सफलतापूर्वक करने के बाद मद/वस्तु ई-चरक में पोस्ट होगा और पोस्ट की गई मद/वस्तु की जानकारी आपको पंजीकृत ईमेल, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज और एप्प के अधिसूचना सुविधा से दी जाएगी।



5.4 क्रय/विक्रय वाले नवीनतम उत्पाद देखें (पंजीकृत उपयोगकर्ता)

क्रय/विक्रय वाले नवीनतम उत्पाद होम पेज पर देखे जा सकते हैं। एक टैब में नवीनतम उत्पाद बेचें और दूसरे टैब में नवीनतम उत्पाद खरीदें नीचे दिखाई गई फोटो के अनुसार प्रदर्शित होगा।

रुचि वाली मद/वस्तु पर क्लिक करने के बाद मद/वस्तु विवरण का पृष्ठ नीचे इमेज अनुसार प्रदर्शित होगा।



मद/वस्तु पोस्ट करने वाले व्यक्ति से कैसे संपर्क करें

उत्पाद विवरण में एक हैंड शेक आइकन है जिस पर क्लिक करके मद/वस्तु पोस्ट करने वाले व्यक्ति से संपर्क करने के लिए कॉल करने, संदेश भेजने या ईमेल करने के

प्रमुख क्रय और विक्रय के उत्पाद



नीचे दिखाए गए चित्र में हाइलाइट किए गए आइकन पर क्लिक करके प्रमुख क्रय और विक्रय के लिए उत्पाद प्राप्त किये जा सकते हैं। आइकन पर क्लिक करने से विक्रय के लिए देखे जाने वाले उत्पाद,क्रय श्रेणी में (समान श्रेणी में पोस्ट की गई वस्तुएं, उप श्रेणी और उत्पाद) प्रदर्शित होंगे। इसी प्रकार, क्रय के लिए देखे जाने वाले उत्पाद विक्रय की श्रेणी में प्रदर्शित होंगे।



5.5 मेरे उत्पाद

मेरे उत्पाद। आपकी पोस्ट की गई वस्तु जैसी सुविधा -डैशबोर्ड और नेविगेशन ड्रॉवर जैसे दो तरीकों से देखी जा सकती है। मेरा उत्पाद विकल्प पर क्लिक करने के बाद आपकी पोस्ट की गई वस्तु प्रदर्शित करने वाला पेज(देंखे-नीचे इमेज के अनुसार)दिखाई देगा।



मद/वस्तु कैसे बदलें करें

आपके द्वारा पोस्ट की गई वस्तु को बदलने के लिए मेरे उत्पाद विकल्प पर जाएं। दिये गये विकल्प पर क्लिक करने के बाद आपके द्वारा पोस्ट किए गए उत्पादों की सूची प्रदर्शित होती है। विशेष उत्पाद को बदलने के लिए उस पर क्लिक करें और उसे बदलने के लिए नीचे इमेज में दिखाये गये हाईलाइट बटन पर क्लिक करने के बाद सभी जरुरी सुविधाएं सक्रिय हो जाती है और आवश्यक बदलाव किये जा सकते हैं। "अपडेट" पर क्लिक करके किये गये बदलाव को सब्मिट करें।



5.6 सूचनाएं

नेविगेशन ड्रॉवर की सुविधा से अधिसूचना प्राप्त की जा सकती हैं। अधिसूचना विकल्प पर क्लिक करने से मोबाइल पर नवीनतम सूचनाएं प्राप्त होती है। अधिसूचना पर क्लिक करने पर नीचे दी गई इमेज अनुसार अधिसूचना का विवरण प्रदर्शित होता है।



5.7 प्रोफाइल कैसे बदलें

उपयोगकर्ता मुख्य पृष्ठ पर उपलब्ध नेविगेशन ड्रॉवर से प्रोफ़ाइल सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। "प्रोफाइल बदलें" विकल्प पर क्लिक करने के बाद प्रोफ़ाइल बदलने का फॉर्म प्रदर्शित होता है। संपादन के लिए संपान बटन पर क्लिक करें और संपादित करने के बाद "अपडेट" बटन पर क्लिक करने के बाद परिवर्तित प्रोफाइल प्रदर्शित होता है।



5.8 ग्लोबल सर्च

कोई भी पंजीकृत उपयोगकर्ता या अतिथि उपयोगकर्ता नीचे चित्र में दिखाए गए मुख्य पृष्ठ पर दिये गये सर्च बार से किसी भी मद/वस्तु खोज सकते हैं। सर्च पर क्लिक करें और खोज किये जाने वाले उत्पाद का नाम लिखें और नीचे दी गई छवि में दिखाए गए सर्च विकल्प को इंटर करने के बाद ई-चरक के उपलब्ध उत्पाद प्रदर्शित होंगे।